उपार्जन | कटाई होने के बाद गेहूं लेकर मंडी पहुंच रहे किसान

# उपार्जन में समय, मंडी में आवक शुरू



### दूसरी फसल की तैयारी भी करनी

जो किसान अपनी फसल मंडी लेकर पहुंचे थे उन्होंने बताया कि गेहूं की कटाई हो गई लेकिन खरीदी शुरू नहीं हो रही है, जिसके कारण उन्हें प्राइवेट रूप से फसल बेचना पड़ रही है ताकि वह दूसरी फसल मूंग और उड़द की तैयारी कर सकें। किसानों का कहना है देर से खरीदी शुरू होगी तो कब तक वह अपनी फसल खेतों में रखेंगे। जिसके कारण आगे की फसल में भी देरी होगी।

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 15 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। देखा जाए तो उपार्जन शुरू होने में अब भी एक सप्ताह का समय है लेकिन उसके पहले ही जिन किसानों की गेहूं कट चुकी है वह कृषि उपज मंडी में प्राइवेट रूप से व्यापारियों को गेहूं बेच रहे हैं। जिसके चलते कृषि उपज मंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। खेतों में लगातार गेहूं की कटाई जारी है, हालांकि जिन किसानों ने पंजीयन कराया है वह समर्थन मूल्य पर फसल बेचेंगे लेकिन कुछ किसान मंडी में व्यापारियों को ही अपनी फसल बेच रहे हैं।

### नगद भुगतान से होती है सहूलियत

कृषि उपज मंडी में व्यापारियों द्वारा सुबह डाक हो जाने से किसानों को उनकी फसल का मूल्य पता लग जाता है, दिन भर तुलाई होने के बाद शाम को किसानों को फसल का नगद भुगतान भी हो जाता है। जिनसे किसानों को काफी सहूलियत मिल जाती है और आगे खेती में लगने वाली लागत निकल आती है। हालांकि मंडी में समर्थन मूल्य जितना रेट तो फसल का नहीं मिल पाता है, लेकिन जितना रेट मिलता है उससे संतुष्ट हो जाते हैं।

## बैतूल की मुलताई नपा अध्यक्ष को बड़ी राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से बैतूल की मुलताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुलताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुन: चुनाव कराने कहा गया था। नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल एवं अधिवक्ता ऐश्वर्य नंदिनी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त 2022 को अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ था। इसमें नीतू को 15 में से 9 वोट मिले थे, जबकि वर्षा गडेकर को 6 वोट मिले थे। वर्षा ने नीतू के निर्वाचन के खिलाफ जिला अदालत में चुनाव याचिका दायर की थी। जिला अदालत ने 6 वोट निरस्त कर नीतू के निर्वाचन को शून्य घोषित कर दोबारा चुनाव कराने कहा था। नीतू ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने चुनाव में कोई अनियमितता नहीं पाते हुए जिला अदालत के आदेश को निरस्त कर नीतू परमार को तत्काल अध्यक्ष के पद पर बहाल करने के निर्देश दिए।

# रिमांड खत्म, हरियाणा गैंग गई जेल

▸ गड़ा हुआ सोना कम दाम में देने का लालच देकर 1.60 करोड़ की ठगी का मामला



**नवभारत, जबलपुर।** गड़ा हुआ सोना कम कीमत पर बेचने का झांसा देकर राइट टाउन निवासी एक डॉक्टर और उनके बेटे समेत तीन लोगों से करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये की ठगी करने वाली हरियाणा गैंग की रिमांड खत्म होने पर मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें कोर्ट ने जेल भेज दिया है। रिमांड के दौरान हुई आरोपित पति-पत्नी, पुत्रों ने नए राज भी उगले है जिसकी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। विदित हो कि राइट टाउन निवासी एक डॉक्टर के क्लीनिक में करीब दो महीने पहले सोनू उर्फ वीरेंद्र नाम का व्यक्ति इलाज कराने के बहाने पहुंचा था। उसने बताया कि उसे कहीं से गड़ा हुआ सोना मिला है। वह गरीब है और इसे बाजार में नहीं बेच सकता, इसलिए वह कम कीमत पर डॉक्टर को यह सोना देने को तैयार है। सोनू ने डॉक्टर को सैंपल के तौर पर एक सोने का सिक्का दिया था। डॉक्टर ने जब अपने सुनार से इसकी जांच कराई, तो सिक्का 75 प्रतीशत शुद्ध सोने का निकला। इसके बाद सोनू ने अपने पूरे परिवार को इस साजिश में शामिल किया। दावा किया कि उसके पास 7-8 किलो सोना है, जिसे वह 15 लाख रुपये प्रति किलो के हिसाब से देगा। सौदा तय होने के बाद 5 मार्च 2026 को सोनू और उसका पिता पन्ना लाल डॉक्टर के क्लिनिक पहुंचे। 5 किलो सोने से भरा बैग दिया और बदले में 50 लाख रुपये नकद ले लिए। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 1 अप्रैल 2026 को डॉक्टर को पता चला कि उन्हीं लोगों ने उनके बेटे के साथ भी सोना बेचने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी की है। शक होने पर सोने की जांच कराई, तो पूरा सोना असल में पीतल के टुकड़े निकला। इसके अलावा एक अन्य पीड़ित को भी गडा धन का प्रलोभन देकर एक करोड रुपये की ठगी की गई थी। तीनों ही मामलों में क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। क्लू मिलने पर एक टीम झांसी पहुची जहां से पन्नालाल राठोर पिता गंगाराम राठौर (60 पत्नी रानमादेवी (52) समेत उनके दोनों बेटों धर्मेन्द्र (34), वीरेन्द्र (30), सभी निवासी छज्जूमल रोड थाना आदर्शनगर बल्लभगढ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) को गिरफ्तार कर शहर लाने के बाद न्यायालय में पेश कर रिमांड में लिया। पूछताछ पर चारों ने ठगी करना स्वीकार करते हुये बताया कि उन्होंने पनागर में किराये का मकान लिया था जहां वे रह रहे थे बल्कि करोड़ा का माल भी उन्होंने यहां छिपाकर रखा था। जिसके बाद पुलिस ने उनके कब्जे से 1 करोड 55 लाख नगद, 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियां एवं 20 किलो नकली गिन्नियां, 11 मोबाईल जप्त किया था। मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## 3.82 लाख में लिया मकान निर्माण का ठेका, बीच में छोड़ा काम, रकम हड़पी

**ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अमानत में ख्यानत का प्रकरण**

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत सीएमएस कम्पाउण्ड लाल चर्च के सामने मकान निर्माण का ठेका लेकर ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया और रकम हड़प ली। पुलिस ने मंगलवार को ठेकेदार के खिलाफ अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आकाश विल्सन (35) निवासी सीएमएस कम्पाउण्ड लाल चर्च के सामने बेलबाग के घर के ऊपर कुछ कंस्ट्रशक्न का काम कराया जाना था तो उसने ठेकेदार विजेन्द्र सिंह चौहान निवासी मानेगांव चम्पा नगर रांझी जो उसके बगल में ही ठेके में काम लेकर कर रहा था जिससे उसने अपने घर की पहली मंजिल में एक कमरा, एक हाल, सामने पोर्च, सीढी व भूतल में किचिन, खिड़की स्लेब पुट्टी पुताई, लाईट का काम कराने के लिये सम्पर्क किया तो ठेकेदार विजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा उक्त काम का ठेका 4 लाख 10 हजार रूपये में तय किया गया जिसका एग्रीमेंट ठेकेदार विजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प में 25 जनवरी 24 को नोटराईज्ड उसकी मां सुनीता विल्सन को गवाह रख कर किया गया था समयावधि के अनुसार कार्य नहीं किया गया एवं आजकल करके अवधि को बढ़ाया गया, उसने उक्त कार्य के बदले ठेकेदार विजेन्द्र सिंह चौहान को 3 लाख 82 हजार रूपये आनलाईन के माध्यम से दे चुका है उसके द्वारा ठेकेदार से छोड़े गये कार्य को पूरा करने के लिये कई बार कहा लेकिन ठेकेदार विजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा काम पूरा नहीं किया। मकान निर्माण में लगभग 2 लाख रूपये का काम किया है एवं शेष राशि का काम न करते हुये उसके साथ अमानत में खयानत कर काम के बदले ज्यादा पैसे ले लिया है। मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर विजेन्द्र सिंह चौहान निवासी मानेगांव चम्पानगर रांझी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## पैंट की जेब में था तीन फीट लंबा धामन

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत ग्राम बमुरहा हिनौता निवासी संतोष मेश्राम के घर में दोपहर तीन बजे हड़कंप मच गया जब उन्होंने कहीं जाने के लिए खूंटी पर लटके पेंट को पहनने के लिए निकाला तो कुछ सरसराहट सी हुई। उन्होंने पेंट को आंगन में फेंक दिया। लेकिन पेंट की दाहिनी जेब से कुछ निकलने की जगह केवल हिल डुल होती रही। अंतत: ध्यान से देखने पर काली पूंछ दिखाई दी। तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का था जो कि चूहे की लालच में पेंट की जेब में फंसकर रह गया था। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

# क्रूरता : आयशर में ठूंस-ठूंस कर नागपुर ले जा रहे थे गौवंश

**घेराबंदी में गौवंश तस्करी का भंडाफोड, 31 मवेशी मिले, 4 मृत, तीन तस्कर पकड़ाए**

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम सिमरिया में बीती रात पुलिस और गौसेवकों ने घेराबंदी क्रूरतापूर्वक 31 गौवंशों को आयर ट्रक में ठूस-ठूस कर नागपुर ले जाए जाते पकड़ा है। मवेशियों को ट्रक से मुक्त कराया गया, जिनमें से अत्यधिक क्रूरता के कारण 4 मवेशियों की मौत हो चुकी थी। गौवंश तस्करी का भंडाफोड होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तीन तस्करों को दबोच लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विद्यासागर वार्ड निवासी गौसेवक रोहित साहू को मिली कि माला गांव निवासी नेमचंद यादव और उसका बेटा सिंगलदीप क्षेत्र के आवारा और पालतू मवेशियों को इकट्ठा कर आयसर ट्रक में लोड करवा रहे है जिन्हे नागपुर भेजने की योजना है। सूचना मिलते ही रोहित साहू अपने अन्य सहयोगियों के साथ कार से सिमरिया रोड पहुंचे।

### घेराबंदी देख चलती गाड़ी से कूदे तस्कर हुए घायल

रात करीब 1 बजे जब संदिग्ध आयसर ट्रक आता दिखा, तो गौसेवकों ने पुलिस के साथ घेराबंदी कर रोकने की कोशिश की।




पकड़े जाने के डर से ट्रक में सवार तस्करों ने चलती गाड़ी से कूदकर भागने का प्रयास किया, जिससे उन्हें चोटें भी आईं। हालांकि मौके से हुजैफ शेख (21) निवासी कालमना मंडी, नागपुर, मो. नईम (38 ) निवासी जनता नगर, सिवनी, अब्दुल समी (ड्राइवर) निवासी कान्हीवाड़ा, जिला सिवनी को पकड़ा लिया गया।

### रस्सियों से जकड़कर बांधे गए थे गौवंश

जब ट्रक की तलाशी ली गई, तो अंदर का दृश्य हृदय विदारक था। ट्रक के अंदर 16 गाय और 15 बछड़े (कुल 31 गौवंश) रस्सियों से इस कदर जकड़े हुए थे कि वे हिल भी नहीं पा रहे थे। ठूस-ठूस कर भरे होने के कारण दम घुटने से 2 गाय और 2 बछड़ों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जीवित गौवंश को तत्काल विद्यासागर गौशाला आश्रम समिति, गोसलपुर ले जाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### नर्स की बिगड़ी तबियत, मौत



**जबलपुर।** ग्राम सर्रा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एक स्टाफ नर्स की अचानक शासकीय आवास में तबियत बिगड़ गई। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र आनन-फानन में लाया गया जहां उनकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सर्रा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में कलावती रैकवार स्टाफ नर्स थीं। मंगलवार दोपहर दो बजे शासकीय आवास में वे खाना बना रही थी तभी अचानक उनकी तबियत बिगड़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनकी मौत हो गई। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### बेलगाम ट्रक ने चार को कुचला

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत टोल टेक्स के पास रोड किनारे एक बेलगाम ट्रक ने चार लोगों को कुचल दिया। हादसे बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम मूलचंद मरावी 27 वर्ष निवासी ग्राम कैमोरी कटंगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी अनिल के साथ ग्राम कैमोरी से गेहू कटाई के लिये ग्राम जमुनिया आये थे वह एवं अनिल टोल टेक्स के पास रोड किनारे खड़े हुये थे वहीं पर ग्राम कुलुआ के संतोष मरावी, गंगाराम, दीनदयाल और अशोक मिल गये सभी गेहूं की कटाई के लिये आये थे आपस में बात कर रहे थे दोपहर 12-15 बजे कटंगी तरफसे आ रहे ट्रक एमपी 53 एचए 1803 का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये संतोष मरावी, गंगाराम, दीनदयाल एवं अशोक को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे चारो को हाथ पैर एवं शरीर में चोटे आ गयी। ट्रक चालक दमोह की ओर भाग गया।

**बस, कार की टक्कर से तीन घायल**-गोहलपुर थाना अंतर्गत रद्दी चौकी में बस क्रमांक यूपी 22 टी 6193 की टक्कर से एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस एच 5047 सवार मधु यादव (54) निवासी रेतनाका ग्वारीघाट को टक्कर मार घायल कर दिया। इसी प्रकार कुंडम थाना अंतर्गत डेहरीकला मोड़ के पास कार क्रमांक एमपी 20 सीके 4215 की टक्कर से बाइक सवार राहुल एवं डालचंद गिर गये दोनों को चोटें आ गई।

### सरेराह छात्रा को रोककर मनचलों ने की मारपीट

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में मंदिर जा रही एक बी.कॉम छात्रा को बीच रास्ते में रोककर मनचलों ने न केवल अभद्रता की बल्कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। मामले में 6 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे बी. कॉम की छात्रा है। 31 मार्च की रात करीब 8:40 बजे वे अपनी सहेली के साथ मोटरसाइकिल से बगलामुखी मंदिर दर्शन करने जा रही थीं। जैसे ही वे बलदेवबाग के पास पहुँचीं, पीछे से एक नीले रंग की सुजुकी एक्सेस क्रमांक एमपी-20-3507 पर सवार दो युवक आए और उनकी गाड़ी को खतरनाक तरीके से कट मारते हुए निकले। जब युवती ने उन्हें सुरक्षित गाड़ी चलाने की सलाह दी, तो आरोपी आगबबूला हो गए और सरेराह अभद्रता पर उतारू हो गए। पीड़िता ने जब उन्हें टोकना चाहा, तो आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा ज्यादा गुंडी बन रही है, आगे चल... मैं तुझे बताता हूँ। अंजुमन इस्लामिया स्कूल के सामने पहुँचते ही आरोपियों ने अपनी गाड़ी युवती की मोटरसाइकिल के आगे अड़ा दी और उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने युवती के साथ हाथ-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। जिसे उसे चोटें आ गई। सहेली और राहगीरों ने बीच-बचाव की कोशिश की, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद डरी-सहमी छात्रा घर चली गई थी। थाने की सीमा का सही पता न होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। 6 दिन बाद लार्डगंज थाने पहुँचकर पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक

**आज से चरणबद्ध आंदोलन शुरू, 18 को भोपाल में बड़ा आंदोलन**

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद संयुक्त मोर्चा ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। प्रदेश स्तर पर गठित अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आज 8 अप्रैल को जबलपुर में जिला स्तरीय रैली निकाली जाएगी। यह रैली शाम 4 बजे सिविक सेंटर से शुरू होकर मालवीय चौक, करमचंद चौक होते हुए घंटाघर पहुंचेगी, जहां शाम 5 बजे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा ने आगे की रणनीति भी स्पष्ट कर दी है कि 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन और 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस आंदोलन में शासकीय शिक्षक संगठन, प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ, राज्य शिक्षक संघ सहित कई संगठनों का समर्थन है। संयुक्त मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारी

भरत पटेल (संयोजक), उमाशंकर पटेल, जगत पटेल, राकेश उपाध्याय, अजय रजक, नरेंद्र त्रिपाठी, दीपक पटेल, संध्या अवस्थी, शिव चौबे, महेंद्र अहवासी, संतोष झारिया, मुकेश सिंह, अनिल पटेल, अजय सिंह ठाकुर, दीनानाथ चौधरी, विजय तिवारी, शालिकराम पटेल, प्रदीप पटेल, देवेंद्र सिंह राजपूत, मथुरा उपाध्याय, भूमिका पटेल, अखिलेश मांझी, राकेश मिश्रा, विनय नामदेव, उमाकांत पटेल, दुष्यंत श्रीवास्तव, इंद्र सिंह राजपूत, प्रियाशु शुक्ला, राम किशोर हल्दकार, प्रेम नारायण चतुर्वेदी, नरेंद्र माझी, अमिता कौर, सीमा सिंह, श्रुति जैन, सुधा हल्दकार, मुकेश सोनकर, पवन ताम्रकार, उमेश सुमन, विवेक जैन, डी.के. अवस्थी, रमेश पटेल, अरविंद सिंह राणा, आशीष उपाध्याय, प्रशांत श्रीवास्तव, मुकेश सेन, सुरेंद्र चौधरी, रामकेश पटेल, अन्नपूर्णा रैदास, ममता कोल, माधव पांडे, सुरेंद्र सिंह पोर्टे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

**स्कॉर्पियो से पहुंचे युवकों ने मचाया उपद्रव**

# डायग्नोस्टिक सेंटर में हंगामा, तोड़फोड, स्टॉफ को धमकाया

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में देर रात स्कॉर्पियो सवार युवकों ने उपद्रव मचाते हुए सेंटर के कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी और तोड़फोड़ कर सेंटर के दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस के मुताबिक विपुल चौधरी नेहरू नगर स्थित प्राइम डायग्नो सेंटर में सीटी-एमआर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं, बीती रात करीब तीन बजे विपुल अपने साथी राजकुमार मरावी के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक बिना नंबर की सफेद स्कॉर्पियो सेंटर के बाहर आकर रुकी, जिसमें से 3-4 अज्ञात युवक नीचे उतरे। युवकों ने सीटी स्कैन कराने की मांग की। कर्मचारियों ने अंदर से ही उन्हें जानकारी दी कि उनके यहाँ सीटी स्कैन नहीं होता है, वह बाजू वाले सेंटर में उपलब्ध है। इतना सुनते ही युवक भड़क गए और हंगामा करने लगे। दो युवकों ने दरवाजा खोलने के लिए दबाव बनाया और चिल्लाते हुए कहा दरवाजा खोल, तुझे मारेंगे। जब कर्मचारियों ने मना किया, तो युवकों ने सेंटर के मुख्य दरवाजे को तोड़ने की नीयत से जोर-जोर से खींचना शुरू कर दिया। इस खींचतान में सेंटर का दरवाजा पूरी तरह खराब हो गया है, जिससे लगभग 10,000 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। सेंटर के संचालक पुष्पराज भटेले को सूचना देने के बाद मामला थाने पहुँचा। जांच में पता चला कि प्राइम डायग्नो में हंगामा करने के बाद उन्हीं युवकों ने बाजू में स्थित प्रीमियम सेंटर में अपने मरीज का सीटी स्कैन कराया था। वहां से मिली जानकारी के अनुसार, उनके साथ आए मरीज का नाम निखिल बजाज बताया जा रहा है। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# आरोपी खुलेआम घूम बना रहे समझौते का दबाव

**नवभारत, जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत गुबराकला में 25 मार्च को घर में घुसकर परिवार पर हमला करने के बाद आठ लाख रूपए नकद और जेवर की डकैती डालने के मामले में पीड़ित आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। फरार आरोपी अब पीड़ित परिवार पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित अनुभव बहुनिया (23) ने बताया कि 25 मार्च को वे अपनी बाइक से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के इंद्रकुमार का पुत्र ऋषिकांत चौधरी ने अपनी स्कॉर्पियो से अनुभव को तेजी से ओवरटेक करते हुए खतरनाक कट मारा था। उसने ऋषिकांत को टोकते हुए कहा कि थोड़ा संभलने का समय दो, तो दबंगई दिखाते हुए ऋषिकांत ने उसे देख लेने की धमकी दी और वहां से निकल गया था। धमकी के ठीक दो घंटे बाद, सुबह 11 बजे आरोपी ऋषिकांत अपने पिता इंद्रकुमार चौधरी, आकाश लोधी, अभिराज लोधी और करीब 7-8 नकाबपोश साथियों के साथ अनुभव के घर पहुंचा था। सभी घातक हथियार से लैस थे जिन्होंने परिवार पर हमला कर दिया था जिसमें अनुभव उसके चाचा रामनारायण, पिता रामनरेश, दादी मानू बाई, मां अभिलाषा, को चोटें आई थी। इसके बाद आरोपियों ने महिलाओं के गले से सोने के हार और मंगलसूत्र छीन लिए थे। अलमारी का ताला तोडक़र 7-8 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। हमले में रामनारायण बिहुनिया के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं और हड्डी फ्रैक्चर हुई है। सुविचा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, सिर में लगे 9 टांकों और बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया है। परिवार के अन्य सदस्य भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

### रसूखदार और प्रभावशाली संबंध, कार्रवाई करने से बच रही पुलिस

पीड़ित अनुभव का आरोप है कि हमारा पूरा परिवार डरा हुआ है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और हमें ही समझौता करने को कह रही है आरोपी पक्ष के रसूखदार और प्रभावशाली लोगों से संबंध होने के कारण पुलिस कार्रवाई से बच रही है। फरार आरोपी अब पीड़ित परिवार पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं।

## नाबालिग का अपहरण, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने आरोप

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम तेवर स्थित प्रसिद्ध त्रिपुरी सुंदरी मंदिर परिसर से एक साढ़े सत्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण करने और पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है और मुख्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर गुहार लगाई। 40 वर्षीय महिला निवासी ग्राम नोनी ने शिकायत करते हुए बताया कि 27 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने पति, देवर के साथ बेटी को लेकर त्रिपुरी सुंदरी मंदिर दर्शन करने गई थीं। इसी दौरान मंदिर परिसर में सौरभ, नंदन और अजय दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए। परिजनों के सामने ही आरोपियों ने बेटी को जबरन बाइक पर बैठाया और रफूचक्कर हो गए। शोर मचाने के बावजूद आरोपी नहीं रुके। परिजनों का आरोप है कि, घटना के तुरंत बाद वे थाने पहुँचे और नामजद शिकायत की, लेकिन पुलिस ने उनके बयानों के आधार पर अपहरण की एफआईआर दर्ज करने के बजाय अपनी मर्जी से गुमशुदगी दर्ज कर ली। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए मामले को हल्का कर दिया। घटना के चार दिन बाद दो आरोपी वापस गाँव आ गए हैं। परिजनों का दावा है कि इन दोनों को पूरी जानकारी है कि मुख्य आरोपी सौरभ किशोरी को कहाँ लेकर गया है, क्योंकि वे अपहरण की साजिश और वारदात में शामिल थे।

जालसाजी | बैंक ऑफ महाराष्ट्र से धोखाधड़ी, ईओडब्ल्यू ने चार पर दर्ज की एफआईआर

# गोल्ड लोन घोटाला : नकली सोना गिरवी रख 13.58 लाख का लोन हड़पा

**नवभारत, जबलपुर।** शातिर जालसाज ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा जीएस कॉलेज के के अधिकृत ज्वेलर्स के साथ मिलकर नकली सोने के जेवर गिरवी रखे और बैंक से 13.58 लाख रुपये का एग्रीकल्चर टर्म लोन (गोल्ड लोन) हड़प लिया। मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने मुख्य आरोपी सौरभ चौधरी सहित दो ज्वेलर्स और एक अन्य सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार उप अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जबलपुर के द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत करते हुए बताया गया कि सौरभ चौधरी निवासी भीम नगर के द्वारा अनिल सोनी प्रोप्राइटर सौम्या ज्वेलर्स, आशुतोष सराफ प्रोप्राइटर सिद्धेश्वर ज्वेलर्स, घमापुर के साथ मिलकर बैंक के पास नकली स्वर्ण आभूषण रखवाकर 15 लाख रूपए का ऋण लेकर धोखाधड़ी की गई है।

### विश्वास जीतकर रची बड़ी साजिश

जांच में सामने आया कि भीम नगर निवासी आरोपी सौरभ चौधरी ने इस ठगी को अंजाम देने के लिए बेहद शातिर योजना बनाई थी। जून 2023 में उसने बैंक से 3,73,000




रुपये का पहला गोल्ड लोन लिया और उसे समय पर चुकाकर बैंक का विश्वास हासिल कर लिया। खाता बंद करने के ठीक दो दिन बाद, 30 जून 2023 को उसने दोबारा दो अन्य लोन के लिए आवेदन किया और बैंक से कुल 13.58 लाख रुपये की राशि प्राप्त की।

### ज्वेलर्स की मिलीभगत से बनी फर्जी रिपोर्ट

इस गबन में बैंक के अधिकृत वैल्यूअर सौम्या ज्वेलर्स अनिल सोनी और सिद्धेश्वरी ज्वेलर्स आशुतोष सराफ की भूमिका सबसे अहम रही। दोनों ज्वेलर्स ने बैंक को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में नकली जेवरों को असली प्रमाणित किया और उनकी फर्जी बाजार वैल्यू तैयार की। इसी कूटरचित रिपोर्ट के आधार पर बैंक ने लोन स्वीकृत कर दिया।

### ऑडिट में घोटाला उजागर जेवरों की कीमत निकली शून्य

धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 10 फरवरी 2025 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र भोपाल मंडल के वरिष्ठ प्रबंधक श्री धीरज कुमार ने वार्षिक निरीक्षण किया। रैंडम जांच के लिए जब सौरभ चौधरी के गिरवी रखे जेवरों के पैकेट खुलवाए गए और बैंक के दूसरे अधिकृत ज्वेलर स्वर्णा ज्वेलर्स से उनकी शुद्धता की जांच कराई गई, तो बैंक अधिकारी दंग रह गए। पैकेट में रखे सभी जेवर पूरी तरह नकली थे, जिनकी बाजार में कोई कीमत नहीं थी।

### लोन रकम आते ही हुई बंदरबांट

जांच में यह भी पाया गया कि लोन की राशि खाते में आते ही, उसी दिन 4,56,000 रुपये अचिन उरमलिया नामक व्यक्ति के नए खुले खाते में ट्रांसफर कर दिए गए थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जबलपुर के उप अंचल प्रबंधक की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद सौरभ पिता सुखदेव निवासी भीम नगर, अनिल सोनी पिता शंकर लाल सोनी, दरहाई, आशुतोष सराफ पिता केशर चन्द्र सराफ, और अचिन उरमलिया पिता सचिन उरमलिया निवासी ग्वारीघाट के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और गबन का मामला दर्ज कर लिया है।